प्र. निम्न में रबी की फसलें हैं?

(a) धना, चना (b) गेहूं, मक्का

(c) मक्का, धान (d) चना, गेहूं

उत्तर- (d) रबी की फसल के अंतर्गत गेहूं, चना, आलू, मटर, सरसों, मसूर आदि आते हैं इन फसलों की बुवाई अक्टूबर- नवंबर में की जाती है तथा मार्च- अप्रैल में काटी ली जाती है

प्र. पौधों को वायुमंडल का शुद्धिकारक कहा जाता है क्योंकि इसमें होती है?

(a) श्वसन की क्रिया (b) वाष्पोत्सर्जन की क्रिया

(c) प्रकाश संश्लेषण की क्रिया (d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (c) पौधों को वायुमंडल का शुद्धिकारक कहा जाता है क्योंकि इसमें प्रकाश संश्लेषण की क्रिया होती है

प्र. तरुण भारत संघ के राजेंद्र सिंह को किस कार्य के लिए मैग्सेसे पुरस्कार दिया गया?

(a) जल संरक्षण (b) सामुदायिक वानिकी

(c) वनों के संरक्षण (d) सौर ऊर्जा

उत्तर- (a) तरुण भारत संघ के राजेंद्र सिंह को जल संरक्षण के संदर्भ में किए गए प्रयासों के लिए जाना जाता है इन्हें भारत का जलपुरुष भी कहा जाता है इन्हें जल संरक्षण कार्य के लिए मैग्सेसे अवार्ड एवं स्टॉकहोम वाटर पुरस्कार प्रदान किया गया

प्र. कौन सी गैस अधिकतम भूमंडलीय तापमान वृद्धि के लिए उत्तरदायी है?

(a) क्लोरोफ्लोरोकार्बन (b) मेथेन

(c) कार्बन डाइऑक्साइड (d) नाइट्रस ऑक्साइड

उत्तर- (c) भूमंडलीय तापमान वृद्धि के लिए उत्तरदायी गैसों को ग्रीन हाउस गैसें कहा जाता है ये गैसें कार्बन डाइऑक्साइड, मेथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, क्लोरोफ्लोरोकार्बन तथा जलवाष्प होती है इन गैसों में कार्बन डाइऑक्साइड सर्वाधिक उत्तरदायी होती है

Education
सब्सक्राइब करें

प्र. घरेलू मवेशी तथा भेड़ किस हरितगृह गैस के उत्पादन के लिए उत्तरदायी है?

(a) ओजोन (b) नाइट्रस ऑक्साइड

(c) क्लोरोफ्लोरोकार्बन (d) मेथेन

उत्तर- (d) घरेलू मवेशी तथा भेड़ मेथेन गैस के उत्पादन के लिए उत्तरदायी है मवेशी के जुगाली करने की प्रक्रिया के अंतर्गत मेथेन का उत्सर्जन होता है

प्र. नदी मुहानों के लक्षण है?

(a) ताजा एवं खारा जल (b) समृद्ध जैव विविधता

(c) अधिक उत्पादकता (d) उपरोक्त सभी

Tez Education सब्सक्राइब करें

उत्तर- (d) नदी मुहाने के निम्न लक्षण है- ताजा जल एवं खारा जल, समृद्ध जैव विविधता, अधिक उत्पादकता

प्र. खाद्य श्रृंखला द्वारा घातक रसायनों की निरंतर बढ़ती मात्रा कहलाती है?

(a) पारिस्थितिक संतुलन (b) जैव सान्द्रण

(c) खाद्य स्तर (d) जैव अपघटन

उत्तर- (b) खाद्य श्रृंखला द्वारा घातक रसायनों की निरंतर बढ़ती मात्रा जैव सान्द्रण कहलाती है जैव सान्द्रण में पर्यावरण से किसी प्रदूषण का खाद्य श्रृंखला के प्रथम जीव में सान्द्रण बढ़ता जाता है

प्र. केदारनाथ अभ्यारण निम्न के लिए जाना जाता है?

(a) बाघों के लिए (b) हाथियों के लिए

(c) पक्षियों के लिए (d) कस्तूरी मृग के लिए

उत्तर- (d) केदारनाथ वन्य जीव अभ्यारण उत्तराखंड के चमोली जिले की अलकनंदा घाटी में स्थित है इस अभ्यारण के नाम केदारनाथ मंदिर के नाम पर रखा गया है यह अभ्यारण कस्तूरी मृग के लिए जाना जाता है

प्र. किस मृदा में जल धारण क्षमता अधिक होती है?

(a) दोमट (b) बलुई

(c) चिकनी (d) बारीक बालू

उत्तर- (c) चिकनी मिट्टी में जल धारण क्षमता अधिक होती है चिकनी मिट्टी के कणों का आकार 0.002μ से कम होती है यह भूरे रंग की होती है जो प्राय: नदियों के किनारे देखने को मिलती है

प्र. भारत में हरित क्रांति का जनक कहा जाता है?

(a) प्रो. बीरबल साहनी को (b) डॉ.एम.एस. स्वामीनाथन को

(c) प्रो. एम.ओ.पी. आयंगर को (d) डॉ. वी. कुरियन को

उत्तर- (b) डॉ.एम.एस. स्वामीनाथन को भारत में हरित क्रांति का जनक कहा जाता है इन्होंने गेहूं की विभिन्न प्रजातियों की आनुवांशिकी का अध्ययन किया जिससे एक नए प्रकार के गेहूं C-57 का पंजाब में विकास हुआ

प्र. बर्फ पर अंडे देने वाला पक्षी है?

(a) आर्कटिक टर्न (b) हमिंगबर्ड

(c) एलबैट्रास (d) पेंग्विन

उत्तर- (d) पेंग्विन एक न उड़ने वाली पक्षी है जो और अंटार्कटिक के बर्फीले इलाकों में पायी जाती है यह बर्फ पर अंडे देती है तथा नर पेंग्विन इन अंडों की देखभाल करता है

प्र. आर्कटिक मरुस्थल किसका दूसरा नाम है?

(a) टुण्ड्रा (b) सवाना

(c) टैगा (d) स्टेपीज

उत्तर- (a) आर्कटिक मरुस्थल टुण्ड्रा का दूसरा नाम है इस टुण्ड्रा प्रदेश में सूर्य के प्रकाश का अभाव रहता है कम से कम 8 महीनों तक धरातल हिमाच्छादित रहता है

प्र. मीजोजोइक युग निम्न प्राणियों का युग माना जाता है

(a) उभयचर जीवों का (b) सरीसृप जीवों का

(c) पक्षियों का (d) स्तनधारी जीवों का

उत्तर- (b) मीजोजोइक युग सरीसृप जीवों का युग माना जाता है ये पृथ्वी पर रेंगकर चलते हैं इनके शरीर पर बाल या पंख के बजाए शल्क होता है

प्र. चेनोर्बिल दुर्घटना किससे संबंधित है?

(a) भूस्खलन (b) भूकंप

(c) नाभिकीय दुर्घटना (d) अम्लीय वर्षा

उत्तर- (c) चेनोर्बिल दुर्घटना नाभिकीय दुर्घटना से संबंधित है जो 26 अप्रैल 1986 को यूक्रेन के चेनोर्बिल न्यूक्लियर पॉवर प्लांट में घटित हुई थी

प्र. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद पर्यावरण संरक्षण को प्रत्येक नागरिक के मौलिक कर्तव्य के रूप में पहचान करता है?

(a) अनुच्छेद 42 (b) अनुच्छेद 48A

(c) अनुच्छेद 51A (d) अनुच्छेद 20

उत्तर- (c) भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51A पर्यावरण संरक्षण को नागरिक के मौलिक कर्तव्य के रूप में पहचान कराता है

प्र. वन संरक्षण अधिनियम के अनुसार किसकी खेती गैर वन्य गतिविधि है?

(a) चाय (b) रबड़

(c) शहतूत (d) उपरोक्त सभी

YouTube Tez Education

उत्तर- (d) वन संरक्षण अधिनियम 1986 के अनुसार चाय, रबड़ तथा शहतूत की खेती गैर वन्य गतिविधि है

प्र. वायुमंडल का कौन सा भाग प्रकाश की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी की सतह पर आने से रोकता है?

(a) समतापमंडल (b) क्षोभमंडल

(c) मध्य मंडल (d) आयन मंडल

उत्तर- (a) वायुमंडल के समतापमंडल में स्थित ओजोन परत सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी की सतह से आने से रोकती है इसलिए इस परत को जीवन का सुरक्षा कवच कहते हैं

YouTube Education सब्सक्राइब करें

प्र. भूतापीय ऊर्जा किस प्रकार का संसाधन है?

(a) पारंपरिक, नवीनीकृत (b) अपारंपरिक, अनवीनीकृत

(c) अपारंपरिक, नवीनीकृत (d) पारंपरिक, अनवीनीकृत

उत्तर- (c) पृथ्वी के अंदर से निकलने वाले गर्म जल के झरनों से भू-तापीय ऊर्जा प्राप्त होती है यह ऊर्जा अपारंपरिक, नवीनीकृत प्रकार का संसाधन है

प्र. जल चक्र को नियंत्रित करता है?

(a) घास स्थल (b) वन

(c) प्लवक (d) उपरिरोही

उत्तर- (b) वन जल चक्र को नियमित करते हैं वन वन्यजीवों के निवास होते हैं इससे समाज का सौंदर्य, पर्यटन और सांस्कृतिक मूल्य विकसित होता है वनों का प्रभाव कार्बन चक्र एवं ऑक्सीजन चक्र पर भी पड़ता है

प्र. सभी बच्चों को पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण तथा सीखने के लिए प्रत्येक शिक्षण कक्ष में आवश्यकताएं है?

(a) संज्ञानात्मक/ आयु उपयुक्त पाठ्यक्रम

(b) अनुकूल तथा धमकी रहित परिवेश

(c) स्कूल आधारित आकलन तथा आख्या प्रस्तुत करना

(d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (d) पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण तथा सीखने के लिए प्रत्येक शिक्षण कक्ष में संज्ञानात्मक उपयुक्त पाठ्यक्रम, अनुकूल तथा धमकी रहित परिवेश होना चाहिए

Tez Education सब्सक्राइब करें

प्र. पर्यावरण अध्ययन के सीखने के मुख्य प्रशिक्षण संकेतांक है?

(a) पर्यवेक्षण तथा रिपोर्टिंग

(b) अभिव्यक्ति व्याख्या और वर्गीकरण

(c) पूछताछ, विश्लेषण और प्रयोग

(d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (d) पर्यावरण अध्ययन के सीखने के मुख्य प्रशिक्षण संकेतांक पर्यवेक्षण तथा रिपोर्टिंग, अभिव्यक्ति, व्याख्या और वर्गीकरण, पूछताछ विश्लेषण और प्रयोग करना है

प्र. पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण हेतु निम्न में से कौन सा उद्देश्य आवश्यक नहीं है?

(a) भौतिक और सामाजिक पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना

(b) विज्ञान के आधारभूत प्रत्ययों और सिद्धांतों को रटकर याद कर लेना

(c) पर्यावरण को खोजने के अवसर प्रदान करना

(d) अवलोकन, मापन, भविष्य, कथन और वर्गीकरण जैसे कौशलों का विकास करना

उत्तर- (b) पर्यावरण अध्ययन के शिक्षण के अंतर्गत विज्ञान के आधारभूत प्रयासों एवं सिद्धांतों को रटकर याद कर लेना शामिल नहीं होता है

प्र. पेड़ों की कटाई घटाती है?

(a) वर्षा

(b) मृदा अपरदन

(c) भूस्खलन

(d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (a) पेड़ों की कटाई का सीधा प्रभाव हमारे पारितंत्र पर पड़ता है पेड़ों की कटाई से मृदा अपरदन तीव्र गति से होता है पेड़ों की कटाई से वर्षा की मात्रा में कमी होती है जिससे सूखा पड़ने की संभावना बढ़ जाती है

YouTube Tez

प्र. प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन में मानव समुदाय सीखने-सिखाने का एक महत्वपूर्ण संसाधन है क्योंकि-

(a) यह वास्तविक स्थितियों में सीखने के अवसर उपलब्ध कराता है

(b) यह आसानी से उपलब्ध होने वाला संसाधन है

(c) इसमें समझदार और बुजुर्ग व्यक्ति होते हैं

(d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (d) प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन में मानव समुदाय सीखने- सिखाने का एक महत्वपूर्ण संसाधन है क्योंकि यह वास्तविक स्थितियों में सीखने के अवसर उपलब्ध कराता है

प्र. भागीरथी नदी का उद्गम स्थल है?

(a) पिंडारी ग्लेशियर (b) सतोपन्थ ग्लेशियर

(c) चौराबारी झील (d) गंगोत्री ग्लेशियर

उत्तर- (d) भागीरथी नदी का उद्गम स्थल गोमुख (गंगोत्री ग्लेशियर) है जो उत्तराखंड के उत्तरकाशी में स्थित है यह नदी देवप्रयाग में अलकनंदा से मिलकर गंगा नदी का निर्माण करती है

प्र. मीनामाता रोग प्रदूषण जनित रोग जो परिणाम है?

(a) समुद्र में बिखरे तेल का

(b) वायुमंडल में आर्सेनिक जमा होने का

(c) औद्योगिक पारा व्यर्थ को पानी में छोड़ने का

(d) मनुष्य के कार्बनिक व्यर्थ को पीने के पानी में छोड़ने का

उत्तर- (c) मीनामाता रोग जल प्रदूषण जनित रोग है जो औद्योगिक पारा को पानी में छोड़ने का परिणाम है

प्र. खाद्य प्रकाश तथा स्थान के लिए अधिक संघर्ष होता है?

(a) नजदीकी संबंधित जातियों के मध्य जो एक ही स्थान में उग रही हो

(b) नजदीकी संबंधित जातियों के मध्य जो भिन्न स्थानों में उग रही हो

(c) दूर से संबंधित जातियों के मध्य जो एक ही स्थान में उग रही हो

(d) दूर से संबंधित जातियों के मध्य जो भिन्न स्थानों में उग रही हो

उत्तर- (a) खाद्य प्रकाश तथा स्थान के लिए अधिक संघर्ष उन नजदीकी संबंधित जातियों को मध्य होती है जो एक ही स्थान पर उग रही हो

प्र. प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य पुस्तक में निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता नहीं होनी चाहिए?

(a) यह प्राकृतिक और समाज- सांस्कृतिक परिवेश को एकीकृत तरीके से प्रस्तुत करती है

(b) यह शिक्षार्थियों की वैविध्यपूर्ण पृष्ठभूमि की जरूरतों को पूरा करती है

(c) यह वास्तविक कहानियों और घटनाओं को शामिल करती है

(d) यह परिभाषाओं और अमूर्त अवधारणाओं की व्याख्या करने पर ध्यान केंद्रित करती है

| |
|---|
| उत्तर- (d) प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य पुस्तक में निम्न विशेषता होनी चाहिए |
| यह प्राकृतिक और समाज सांस्कृतिक परिवेश को एकीकृत तरीके से प्रस्तुत करती है |
| यह शिक्षार्थियों की वैविध्यपूर्ण पृष्ठभूमि की जरूरतों को पूरा करती है |
| यह वास्तविक कहानियों और घटनाओं को शामिल करती है |

Education
सब्सक्राइब करें